एसडीएम को लेना थी बैठक

# आयुष्मान कार्ड को लेकर 4 बजे थी बैठक, साहब सही समय पर, आधे घंटे देरी से आई कुर्सी-टेबल

**रतलाम.** आर्थिक जनगणना 2011 में कमजोर आए परिवार के लिए शहर में आयुष्यमान कार्ड को लेकर जिम्मेदार कितने गंभीर है, यह शनिवार को साबित हो गया। बचे हुए परिवार को कार्ड बनाने को लेकर शाम को 4 बजे बैठक होना थी, जिन अधिकारी को बैठक लेना थी, वे पहुंच भी गए, लेकिन तब तक न तो कर्मचारी आए नहीं, टेबल - कुर्सियां। बाद में समय पर आए अधिकारी को देखकर अन्य सबसे में आ गए व ताबड़तोड़ व्यवस्थाएं की गई।



शहर में आयुष्मान कार्ड को लेकर अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में शहर एसडीएम राजेश शुक्ला द्वारा शाम को करीब 4 बजे बैठक ली जाना थी। इस बैठक में नगर निगम के सभी वार्डों के दारोगा के साथ - साथ आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को भी बुलाया गया था। इसका उद्देश्य यह था कि जो परिवार शेष रह गए है, उनका सर्वे करके आयुष्यमान कार्ड बनाए जा सकें। लेकिन विभागीय अधिकारी से लेकर कर्मचारी गंभीर इस मामले में नहीं है, यह उन्होंने साबित कर दिया।

## यह हुआ शाम को

शाम को जब एसडीएम शुक्ला बैठक स्थल पहुंचे तो वहां नाममात्र के लोग उपस्थित थे। अंदर जहां बैठक होना थी, वहां पर न तो बैठने के लिए टेबल थी नहीं कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी। इतना ही नहीं, बोलने के लिए माइक तक नहीं आया था। तब तक एसडीएम को खड़े - खड़े इंतजार ही करना पड़ा। हालांकि एसडीएम शुक्ला ने इसे सामान्य माना है।

## जांच की जाएगी

बैठक के समय पर सभी क्यों नहीं आ पाए व देरी क्यों हुई इस मामले की जांच की जाएगी। जो दोषी पाया जाएगा, उस पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

13-2-22

## इक्कीस सफाई मित्रों की पगार काटी

रतलाम, नप्र। बेहत्तर सफाई में लगे सफाई मित्र बिना सूचना के काम पर नहीं पहुंच रहे है, इससे सफाई का काम प्रभावित हो रहा है। सुबह और दोपहर में काम करने वाले सफाई मित्रों की मौजूदगी देखी गई तो पता चला कि सुबह बीस सफाई मित्र गैर हाजिर मिले वहीं दोपहर में एक सफाई मित्र।

निगम आयुक्त के निर्देश पर बीस सफाई मित्रों का पूरे दिन और एक सफाई मित्र का आधे दिन का वेतन काटा जाकर सभी को सेवा से बर्खास्त करने के लिए कारण बताओ पत्र जारी किया। निगम आयुक्त ने कहा कि ऐसे सफाई मित्र जो बिना सूचना के लगातार तीन दिन तक अपने काम पर गैर हाजिर रहते है उन्हें सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी।



प्रभात किरण

## आयुष्मान कार्ड बनाने का काम इस माह पूरा करें-एसडीएम शुक्ला

रतलाम, नप्र। आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना में बचे पात्र लोगों के कार्ड बनाने का काम इस माह पूरा कर लिया जाए।

अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर राजेश शुक्ला ने कार्ड बनाने में लगे अधिकारी और कर्मचारियों की बैठक लेकर जल्द से जल्द इस काम को पूरा कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर एसडीएम ने कहा कि यह काम सरकारी होने के साथ-साथ मानव हित का भी है। इसके लिए ऐसे पात्र लोगों की की पहचान कर कॉमन सर्विस सेन्टरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने का काम फरवरी माह में पूरा कर लें। उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, झोन प्रभारी विनय चौहान, धर्मेन्द्र दोगाया सहित नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

13-2-22

## खुले में गंदगी, पांच पर जुर्माना

रतलाम, नप्र। खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने अथवा मलबा डालकर कब्जा करने वालों पर लगाम लगाने के लिए जुर्माने की कार्रवाई जारी है। कल ऐसे पांच लोगों को पकड़कर जुर्माना वसूला। जगन्नाथ वाटिका दीनदयाल नगर पर एक हजार, लालचन्द राठौड़, गंगा रेस्टोरेंट, नारायण बाजना बस स्टेंड पर ढ़ाई-ढ़ाई सौ और मनोज बाजना बस स्टेंड पर सौ रुपए का जुर्माना कर गंदगी ना करने की समझाईश दी।

## कम मोटाई की पॉलिथीन पर रोक

रतलाम, नप्र। रतलाम नगर को साफ और सुंदर बनाए जाने के लिए कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगा दी है। शहर के सभी प्लास्टीक (पॉलीथीन) बनाने वाले, भंडार करने वाले व्यापारी, बेचने वाले दुकानदारों के अलावा उपयोग करने वालों को आगाह किया हैं कि वे 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक ना तो बनाएं और नहीं उसका भंडारण कर विक्रय और उपयोग करें। कलेक्टर के इस निर्देश का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## 20 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में सुबह छह व दोपहर दो बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। सुबह 20 और दोपहर में एक सफाई मित्र अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। सुबह जोन-एक में नीतू पत्नी हेमंत, बरखा पत्नी सुरेश, अनिल-अर्जुन, बसंतीबाई पत्नी किशन, रामकुमार-बच्चेराम, लीलाबाई पत्नी फूलचंद, राहुल-राजेश्वर, अमन-रमेश, विशाल-प्रहलाद, जोन क्रमांक-दो में रोहित-रमेश, बबीताबाई पत्नी कमल, संगीताबाई पत्नी हरीश, सुगनाबाई पत्नी शंकर, परवेज-हुकमीचंद, कमल-सुरेश, शकुंतलाबाई पत्नी अर्जुन, शिव-अशोक, विमलाबाई पत्नी बंशी, जोन क्रमांक-तीन में संदीप-सज्जन, सोनूबाई पत्नी राकेश इस तरह 20 कर्मचारी बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए। दोपहर की उपस्थिति के दौरान जोन-एक में रामकन्याबाई पत्नी अर्जुन अनुपस्थित पाए गए।

नईदुनिया 13-2-22

## फरवरी माह तक पूर्ण करें आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य

रतलाम। आयुष्मान भारत निरामयम योजना के शेष बचे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एसडीएम राजेश शुक्ला ने नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक ली। इसमें इस कार्य को फरवरी माह में पूर्ण कर हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर आयोजित बैठक में शुक्ला ने नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों से कहा कि यह कार्य शासकीय होने के साथ-साथ मानव हित का भी कार्य है। इसके लिए वे शेष रहे पात्र हितग्राहियों की पहचान कर कामन सर्विस सेंटरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शीघ्रता से कर फरवरी माह में कार्य पूर्ण करें।

## गंदगी फैलाने पर पांच लोगों से वसूला जुर्माना

दैनिक भास्कर

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर जगन्नाथ वाटिका दीनदयाल नगर से 1000 रुपये, लालचंद राठौड़, गंगा रेस्टोरेंट, नारायण बाजना बस स्टैंड से 250-250 व मनोज गवली बाजना बस स्टैंड से 100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी।

13-2-22

## निगम आयुक्त झारिया ने किया बावड़ी का निरीक्षण

# दो मुंह की बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार

रतलाम।

**दो मुंह की बावड़ी का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निरीक्षण कर बावड़ी की सफाई का कार्य प्रारंभ करने, बावड़ी में कचरा ना डले इसके उचित इंतजाम करने के साथ बावड़ी के जीर्णोद्धार के निर्देष संबंधित को दिये।**



निगम आयुक्त श्री झारिया ने बावड़ी के निरीक्षण के दौरान सफाई के साथ बावड़ी के दोनो प्रवेष द्वार पर गेट लगाने व रात्री 8 से प्रातः 8 बजे तक गेट बंद रखने के निर्देष दिये ताकि असामाजिक तत्व प्रवेष ना कर सके। बावड़ी में नागरिक कचरा ना डालें इस हेतु एक साईड की दीवार जो कम उंचाई की है उस पर 4 फीट की जाली लगाने व तीन स्थानों पर डस्टबीन लगाये जाने के निर्देष दिये। इसके अलावा उन्होने बावड़ी के जीर्णोद्धार के निर्देष संबंधित को दिये। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया कि षहर के प्राचीन जल स्त्रोतों को सहेजने में अपनी भूमिका अदा करें। बावड़ियों में कचरा डालकर उसे गंदा ना करें ये हमारी प्राचीन धरोहर है। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर अंजू सूर्यवंषी, नवोदित बैरागी, उपयंत्री मनीश तिवारी आदि उपस्थित थे। 13-2-22



## रात में निरीक्षण पर निकले रतलाम कलेक्टर और एसपी, शहर की यातायात और सफाई व्यवस्था देखी

रतलाम। शुक्रवार रात रतलाम के बाजार क्षेत्र में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी अभिषेक तिवारी ट्रैफिक और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में पैदल घूम कर ट्रैफिक व्यवस्थाओं में सुधार की संभावनाओं को तलाशा। बाजार क्षेत्र में अधिकारियों से स्थानीय लोगों ने मुलाकात कर ट्रैफिक और सफाई से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। चांदनी चौक क्षेत्र के आजाद चौक में पे एंड यूज टॉयलेट बनाने के लिए स्थानीय लोगों की सहमति के बाद कलेक्टर ने 15-20 दिनों में टॉयलेट बनाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए है। दरअसल शहर की बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था और सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के लिए कलेक्टर और एसपी ने रात को भ्रमण करने का निर्णय लिया। इस दौरान दोनों अधिकारी गणेश देवरी से चांदनी चौक, धान मंडी होते हुए सैलाना बस स्टैंड तक निरीक्षण करते हुए पहुंचे। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने ट्रैफिक के प्रमुख पॉइंट और चौराहों की व्यवस्था का भी जायजा लिया। स्थानीय लोगों से भी दोनों अधिकारियों ने चर्चा कर ट्रैफिक और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। 13-2-22

# रात में निरीक्षण पर निकले रतलाम कलेक्टर और एस पी, शहर की यातायात और सफाई व्यवस्था देखी

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



शुक्रवार रात रतलाम के बाजार क्षेत्र में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी अभिषेक तिवारी ट्रैफिक और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में पैदल घूम कर ट्रैफिक व्यवस्थाओं में सुधार की संभावनाओं को तलाशा।

बाजार क्षेत्र में अधिकारियों से स्थानीय लोगों ने मुलाकात कर ट्रैफिक और सफाई से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। चांदनी चौक क्षेत्र के आजाद चौक में पे एंड यूज टॉयलेट बनाने के लिए स्थानीय लोगों की सहमति के बाद कलेक्टर ने 15-20 दिनों में टॉयलेट बनाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हैं।

दरअसल शहर की बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था और सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के लिए कलेक्टर और एसपी ने रात को भ्रमण करने का निर्णय लिया। इस दौरान दोनों अधिकारी गणेश देवरी से चांदनी चौक, धान मंडी होते हुए सैलाना बस स्टैंड तक निरीक्षण करते हुए पहुंचे। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने ट्रैफिक के प्रमुख पॉइंट और चौराहों की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

स्थानीय लोगों से भी दोनों अधिकारियों ने चर्चा कर ट्रैफिक और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली।

13-2-22

# 20 सफाई मित्रों का 1 दिवस व 1 का आधे दिवस का वेतन काटा

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम 13-2-22

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया, जिसके तहत प्रातः 20 व दोपहर 1 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में नीतु पति हेमन्त, बरखा पति सुरेश, अनिल-अर्जुन, बसंतीबाई पति किशन, रामकुमार-बच्चेराम, लीलाबाई पति फुलचन्द, राहूल-राजेश्वर, अमन-रमेश, विशाल-प्रहलाद, झोन क्रमांक 2 में रोहित-रमेश, बबीताबाई पति कमल, संगीताबाई पति हरीश, सुगनाबाई पति शंकर, परवेज-हुक्मीचन्द, कमल-सुरेश, शकुन्तलाबाई पति अर्जुन, शिव-अशोक, विमलाबाई पति बंशी, झोन क्रमांक 3 में संदीप-सज्जन, सोनुबाई पति राकेश इस तरह 20 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा दोपहर की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 1 में रामकन्याबाई पति अर्जुन द्वारा अनुपस्थित पाए जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है, उन्हें सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जाएगी।

# 39 सफाई मित्रों का 1 दिवस व 13 का आधे दिवस का वेतन काटा

13-2-22

## बिना सूचना के 3 दिवस रहे अनुपस्थित

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 39 व दोपहर 13 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में रामकन्या पति अर्जून, पप्पू-रमेश, सुनील- शंकरलाल, अर्जून-राजेश, लखन-दीपक, अनिता पति ईश्वर, मंगलाबाई पति बाबुलाल, रानीबाई पति श्यामलाल, बसंतीबाई पति किशन, रामकुमार-बच्चेराम, राहूल-राजेश्वर, अर्जून-दीपक, विजय-हीरालाल कुल 13, झोन क्रमांक 2 में रानीबाई पति धीरज, सोमदिया-सुरेश, संगीताबाई पति हरीश, परवेज-हुक्मीचन्द, शकुन्तलाबाई पति अर्जून, राहूल-राजू, कमल-सुल्तान, सावित्रीबाई पति श्यामलाल, संजय-बच्चू, विमलाबाई पिता बंशी, शिव-अशोक कुल 11, झोन क्रमांक 3 में कान्हा-आनन्द, सीताबाई पति रामस्वरूप, रोहित-पवन, दुर्गाबाई पति सुनील, नरेन्द्र-कन्हैया, अनिल-छगन, सावित्रीबाई पति अनिल कुल 7, झोन क्रमांक 4 में श्यामाबाई पति जगदीश, अनिताबाई पति रामसिंह, रामसिंह-तम्बूर, सुमनबाई पति घनश्याम, आशीष-दिनेश, सीताराम-सुरेश, संजय-ओमप्रकाश, आशाबाई पति दयाराम कुल 8 इस तरह 39 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा दोपहर की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 2 में प्रशांत-ओसान, विशाल-प्रकाश, मंजूबाई पति रमेश, रघुवीर-पुनमचन्द, मीनाबाई पति किशोर, श्यामाबाई पति देवीलाल, रवि-सुरेश, शकुन्तलाबाई पति रामचन्द, दीपक-अत्री, झोन क्रमांक 3 मे उशाबाई पति मुकेश व झोन क्रमांक 4 में कैलाश-जगराम, कुन्दन-रमेश, पुष्पेन्द्र-दिनेश कुल 13 कर्मचारी अनुपस्थित पाये जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

## स्वास्थ्य अधिकारी का दायित्व सौंपा

रतलाम ● निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रभारी कार्यपालन यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य को स्वास्थ्य अधिकारी के पद का दायित्व सौंपते हुए रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने के निर्देश दिये जिससे रतलाम नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में उच्चतम् रैंकिग प्राप्त हो।

13-2-22

## 39 सफाई मित्रों का का वेतन काटा

रतलाम ● वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रात: 39 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त, निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा दोपहर की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 2 में 13 कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त, निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## 12 नए पॉजिटिव, जारी रहेगा नाइट कर्फ्यू

रतलाम | जिले में कोरोना पॉजिटिव लगातार कम हो रहे हैं। शनिवार को 12 नए पॉजिटिव आए। रतलाम शहर का इनमें सिर्फ 1 ही है। जिले में कुल संक्रमित 20650 हो गए हैं। एक्टिव केस 175 रह गए हैं। इधर, शनिवार को कलेक्टर ने धारा 144 में आदेश जारी किया कि रात 11 से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। संक्रमित मिलने पर माइक्रो कंटेनमेंट बनाए जाएंगे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने का काम फरवरी तक करें पूरा

रतलाम | आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना के पात्र के शेष बचे लोगों के कार्ड बनाने के लिए एसडीएम राजेश शुक्ला ने बैठक ली। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि जल्द कार्ड बनाने का काम पूरा करें। यह कार्य शासकीय होने के साथ-साथ मानव हित का कार्य है। इस हेतु शेष रहे पात्र हितग्राहियों की पहचान कर कॉमन सर्विस सेन्टरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य फरवरी में पूरा करें। उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार सहित निगम के कर्मचारी मौजूद थे।

**डिले होता डेवलपमेंट** • तीन से चार माह और लगेंगे काम शुरू होने में क्योंकि अभी तो बाकी हैं टेंडर

# रतलाम के फूड जंक्शन के लिए तकनीकी मंजूरी नहीं मिल रही | सिटी फोरलेन के नक्शे भोपाल के इंजीनियरों को नहीं आए पसंद

**अक्टूबर में काम शुरू होने का किया गया था दावा**

13-2-2

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अफसरों के तेजी से डवलपमेंट कराने के तमाम दावे हमेशा की तरह खोखले निकले। मामला चाहे लोकेंद्र भवन रोड पर बनने वाले रतलाम फूड जंक्शन की हो या मिनी स्मार्ट सिटी ठेकेदार से छीन नगर निगम को बनाने के लिए सौंपी तीन प्रमुख सड़कों का। अगस्त-सितंबर में नगर निगम के आला ऑफिसरों ने अक्टूबर में काम शुरू होने का दावा किया था। वह होना तो दूर दोनों प्रोजेक्ट तकनीकी समिति में अटके पड़े हैं। रतलाम फूड जंक्शन को मंजूरी नहीं मिल रही है। वहीं, सिटी फोरलेन की तैयार योजना भोपाल के इंजीनियरों को पसंद नहीं आई। तीन दिन पहले भोपाल में हुई मीटिंग में इंजीनियरों ने कुछ जरूरी बदलाव कर फिर प्रोजेक्ट रिपोर्ट लाने को कहा है। अड़चन कोई भी हो नगर निगम के पास काम चालू करवाने के लिए सिर्फ चार माह का समय है। जून-जुलाई में बारिश प्रारंभ होने से नए काम शुरू नहीं हो पाएंगे। इस बीच अगर निकाय चुनाव की घोषणा हो गई तो मामला लंबा उलझ सकता है।

**दूर की सोच : 24 हजार वर्गफीट में प्रस्तावित फूड जंक्शन पर 14 करोड़ रुपए खर्च होंगे**

## रतलाम फूड जंक्शन : समिति की मंजूरी में फंसा

**यह है योजना** - लोकेंद्र भवन के सामने वाली खुली जगह गुड़गांव साइबर हब फूड जंक्शन की तर्ज बनाना। स्टेडियम की दीवार से फोरलेन तक 24 हजार वर्गफीट में प्रस्तावित फूड जंक्शन पर 14 करोड़ रुपए खर्च होंगे। लोकेंद्र भवन वाली रोड पर एंट्री गेट, इसके दोनों तरफ 260 फीट की एक मंजिला इमारत होगी। 45 दुकानें होंगी। पॉथ-वे, दुकानों के आगे कॉरिडोर, गार्डन एरिया होगा, बैठने के लिए बैंच, पक्की टेबल और गेजबो जैसी सुविधा होगी। 200 वाहनों का पार्किंग स्पेस होगा।

**अब तक क्या हुआ** - नवंबर में प्लानिंग फाइनल हुई। जनवरी में नक्शे सहित एस्टीमेट के साथ डीपीआर बनकर निगम तक पहुंच गई थी।

**क्या अड़चन** - प्रस्तावित नक्शों सहित डीपीआर को टेक्नीकल समिति को मंजूरी के लिए भेजा है, अब तक परीक्षण ही चल रहा है।

## सिटी फोरलेन : इंजीनियरों ने बदलाव करने को कहा

**यह है योजना** - शास्त्रीनगर (सांई मंदिर के पीछे वाला) मुख्य मार्ग, पोस्ट ऑफिस और जवाहरनगर अंबे माता मंदिर से रेलवे जूनियर इंस्टिट्यूट तक की सड़क नई बनेगी। शास्त्री नगर और पोस्ट ऑफिस रोड फोरलेन (14 मीटर चौड़ा) बनेंगे। 6.8 करोड़ खर्च होंगे। वहीं, जवाहरनगर अंबे माता मंदिर से जूनियर इंस्टिट्यूट तक 1700 मीटर लंबी सड़क 9 से 10 मीटर चौड़ा करके बनाना है। 9.5 करोड़ खर्च होंगे। ये तीनों सड़कें मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में थी। सरकार ने उसके ठेकेदार से काम छीनकर नगर निगम को सौंप दिया।

**अब तक क्या हुआ** - इंदौर का कंसल्टेंट दिसंबर में तीनों सड़कें के नक्शे बना चुका। निगम अफसरों के फाइनल करने पर एस्टीमेट के साथ डीपीआर बन गई है।

**क्या अड़चन** - चार दिन पहले भोपाल में हुए प्रोजेक्ट के प्रेजेंटेशन में इंजीनियरों ने तकनीकी खामियां निकाली।

*दोनों विकास कार्य टेक्नीकल स्वीकृत की प्रोसेस में हैं। डायरेक्टर के इंजीनियरों ने योजना को अच्छी तरह समझ लिया है। कुछ क्वेरी आई है, उन्हें पूरी कर रहे हैं। एक-दो सप्ताह में मंजूरी मिल जाएगी। उसके बाद टेंडर निकाल देंगे। वह होने के बाद जल्द काम शुरू हो जाएंगे।*

**सोमनाथ झारिया,**
कमिश्नर

**कई कॉलोनियों का निर्माण हुआ, कई में काम जारी**

# अब बाहरी हिस्सों में बढ़ता शहर




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

patrika.com


**रतलाम.** शहर में तेजी से कॉलोनियों की बसाहट पूरी हो रही है, अब नगरीय इलाका कॉलोनियों के लिए नही बचा है। जनसंख्या बढ़ने और आबादी के दबाव के बाद शहर में नई कॉलोनियां बाहरी इलाकों में ही तैयार हो रही है। इससे जहां शहर फैल रहा है वहीं, शहरी इलाकों से लगी भूमियों की कीमतों में तेजी से उछाल आता जा रहा है।

करीब दस से बीस वर्ष पूर्व शहर में जब अलकापुरी की बसाहट शुरू हुई थी तो वो शहर से दूर कहलाती थी। अब अलकापुरी शहर के सेंटर में आ गई है व इस कॉलोनी से ही 5 से 7 किमी दूर नई - नई कॉलोनियों की बसाहट जारी है। असल में शहर में बढ़ते प्रदूषण, सघन क्षेत्र होने से वाहन की पार्किंग की सुविधा भी आमजन को पूरी तरह से नहीं मिल पा रही है। ऐसे में सबसे बेहतर हर किसी के लिए बीच बाजार से 5 से 10 किमी दूर प्लॉट लेकर स्वयं का आवास बनाना हो रहा है।

## कई कॉलोनियों में बेहतर काम

पत्रिका

कुछ वर्ष पूर्व तक बढ़ती कॉलोनियों के प्रति आमजन की राय बेहतर नहीं थी। इसकी वजह कॉलोनियों में डेनेज प्रणाली, बेहतर रोड, पेयजल की समस्या सामने आती थी, लेकिन अब वक्त बदल गया है। सरकारी योजनाओं की कॉलोनियों के साथ - साथ निजी कॉलोनियों में भी बगीचे, जीम, पेयजल सुविधा, पर्याप्त रोशनी, बेहतर रोड, ड्रेनेज उपलब्ध हो रहे है। इससे सरकारी के साथ - साथ निजी कॉलोनियों के प्रति भी आमजन का रूझान बढ़ता जा रहा है।

13-2-22

## चारों दिशा में हो रहा निर्माण

शहर के चारों तरफ की दिशाओं में इन दिनों निजी कॉलोनियों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। महू रोड से लेकर हरमाला रोड, कनेरी रोड, बड़बड़ रोड, सागोद रोड, जावरा रोड आदि क्षेत्र में कॉलोनियों का निर्माण हुआ है व आगे भी जारी है। शहर की आबादी की बात करें तो करीब तीन लाख पहुंचने को है व विषय के जानकारों का मानना है कि आने वाले पांच से दस वर्ष में यह पांच लाख के पार हो जाएगी।

## जानकारी लेकर बुकिंग करें

किसी भी शहर के विकास के लिए नई कॉलोनियों का बनना जरूरी है। शहर में जिस तरह से आबादी व वाहनों का घनत्व हो रहा है, ऐसे में अब बसाहट बाहरी क्षेत्र में हो रही है। आमजन से अपील है कि कही भी प्लाट या आवास लेने से पहले नगर निगम से यह जानकारी ले कि वो मंजूरी लेकर बनाई गई कॉलोनी है या नहीं।

**सोमनाथ झारिया**, आयुक्त
नगर निगम

### जिले के विभिन्न जनपदों एवं नगर पालिकाओं को निशक्तजनों को लाभ दिलाने का लक्ष्य मिला

# दिव्यांगजनों को मिलेंगे नि:शुल्क उपकरण, रतलाम-जावरा में लगेंगे शिविर

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को नि:शुल्क उपकरण वितरण करने हेतु रतलाम एवं जावरा विकासखण्ड पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक जनपद पंचायत रतलाम में शिविर आयोजित किया जाएगा।

रतलाम शिविर में जनपद पंचायत रतलाम, सैलाना, बाजना नगर निगम रतलाम एवं नगर परिषद् धामनोद, नामली सम्मिलित किए गए हैं। जनपद पंचायत रतलाम में 65, सैलाना में 10, बाजना में 10, नगर निगम में 50 व नगर परिषद् धामनोद में 5 नामली में 5 व सैलाना के 5 निन्शक्तजनों को लाभ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी तरह 18 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक जनपद पंचायत जावरा में शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें जनपद पंचायत जावरा, पिपलौदा, आलोट, नगर पालिका जावरा एवं नगर परिषद् बड़ावदा, पिपलौदा, ताल तथा आलोट को सम्मिलित किया गया है। जनपद पंचायत जावरा में 65, पिपलौदा में 10, आलोट में 20, नगर पालिका जावरा में 50 एवं नगर परिषद् बावदा मे 5, पिपलौदा में 5, ताल में 5 तथा आलोट में 5 निन्शक्तजनों को लाभ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण ने बताया कि अस्थि बाधित, नि:शक्तजनों के लिए मोट्रेट ट्राईसाइकल, ट्राय साइकल, व्हील चेयर, बैसाखी, केलिपर्स, कृत्रिम हाथ-पैर, श्रवणबाधित निन्शक्तजनों के लिए श्रवण यंत्र, मंदबुद्धि बच्चों के लिए एमएसआईडी कीट, दृष्टिबाधितों के लिए ब्लाईंड स्टीक व अन्य सहायक उपकरण, सेलेब्रल पालिसी बच्चों के लिए सी.पी. चेयर आदि सहायक उपकरण वितरण किए जाने हेतु हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में निन्शक्त व्यक्ति, निन्शक्तता प्रमाण पत्र, फोटो, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., मोबाइल नम्बर आवश्यक रुप से साथ में लाएं।

न्यूनतम नि:शक्तजनों के जनपद/निकाय के अनुसार दिए गए टारगेट अनुसार नि:शक्तजनों को निन्शक्तता परीक्षण शिविरों में निन्शक्तता प्रमाण पत्र के साथ नि:शक्तजनों को आवश्यक दस्तावेजों सहित (अपना पासपोर्ट साइज फोटो, एड्रेस प्रूफ हेतु राशन कार्ड या मतदाता परिचय पत्र अथवा आधार कार्ड, समग्र आई.डी क्रमांक एवं मोबाइल नम्बर) एवं शिविर में सम्मिलित होने वाले सभी निन्शक्तजनों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगे होने का प्रमाण पत्र साथ लाने, कोविड के नियमों यथा मास्क, सेनेटाइजर, दो गज की दूरी आदि की जवाबदारी संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय के संबंधित अधिकारी को सौंपी गई है। शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार अपने क्षेत्रों में डोंडी पिटवाकर या अन्य प्रचार माध्यमों से करवाया जाएगा।

शिविर में स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई की व्यवस्था, वृद्धजनों अथवा नि:शक्तजनों के पंजीयन, चिन्हांकितों की सूची बनाने, शिविर स्थल पर ही निन्शक्तजनों के प्रमाण पत्र, फोटो, मोबाइल नम्बर, युआईडी पोर्ट पर अपलोड करने इत्यादि कार्य हेतु संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी, शिविर स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे टेंट, माइक, पाण्डाल, चिकित्सकों के बैठने हेतु उपयुक्त व्यवस्था, पंजीयन हेतु आवश्यकतानुसार काउंटर, लंच पैकेट आदि व्यवस्थाओं की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सौंपी गई है।

रा्य 13-2-22

---

१० भा(र)

## दो मुंह की बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार

रतलाम। दो मुंह की बावड़ी का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निरीक्षण कर बावड़ी की सफाई का कार्य प्रारंभ करने, बावड़ी में कचरा ना डले इसके उचित इंतजाम करने के साथ बावड़ी के जीर्णोद्धार के निर्देश संबंधित को दिए। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बावड़ी के निरीक्षण के दौरान सफाई के साथ बावड़ी के दोनों प्रवेश द्वार पर गेट लगाने व रात्री 8 से प्रातः 8 बजे तक गेट बंद रखने के निर्देश दिये,ताकि असामाजिक तत्व प्रवेश ना कर सके। बावड़ी में नागरिक कचरा ना डालें इस हेतु एक साईड की दीवार जो कम उंचाई की है उस पर 4 फीट की जाली लगाने व तीन स्थानों पर डस्टबीन लगाये जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बावड़ी के जीर्णोद्धार के निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर अंजू सूर्यवंशी, नवोदित बैरागी, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे। श्री झारिया ने नागरिकों से आह्वान किया कि शहर के प्राचीन जल स्त्रोतों को सहेजने में अपनी भूमिका अदा करें।

13-2-22

### एसडीएम शुक्ला ने बैठक में दिएं निर्देश

# आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य फरवरी माह तक पूर्ण करें

प्रसारण न्यूज • रतलाम



आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना के पात्र के शेष बचे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर राजेश शुक्ला ने नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर शीघ्रता से इस कार्य को पूर्ण कर हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिये।

अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर आयोजित बैठक में अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर राजेश शुक्ला ने नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से कहा कि यह कार्य शासकीय होने के साथ-साथ मानव हित का भी कार्य है इस हेतु वे शेष रहे पात्र हितग्राहियों की पहचान कर कॉमन सर्विस सेन्टरों के माध्यम से आयुश्मान कार्ड बनाने का कार्य शीघ्रता से कर फरवरी माह में कार्य पूर्ण करें।

इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहाष पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, झोन प्रभारी विनय चौहान, धर्मेन्द्र दोगाया सहित नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर व कार्यकर्ता उपस्थित थी।

13-2-22

## खुले में गंदगी करने पर 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देषानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 12 फरवरी को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर जगन्नाथ वाटिका दीनदयाल नगर पर 1000, लालचन्द राठौड़, गंगा रेस्टोरेंट, नारायण बाजना बस स्टैण्ड पर 250-250 व मनोज गवली बाजना बस स्टैण्डपर 100 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

## नवीन स्पॉट फाईन टीम का गठन

रतलाम। घरों, दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन में डालते हुए खुले डालने वाले नागरिकों पर जुर्माना किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नवीन स्पॉट फाईन टीम का गठन करते हुए कुलदीप भट्ट, अंकित पुरोहित को नियुक्त किया।

# दो मुंह की बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार



प्रसारण न्यूज • रतलाम

13-2-22

## निगम आयुक्त झारिया ने किया बावड़ी का निरीक्षण

दो मुंह की बावड़ी का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निरीक्षण कर बावड़ी की सफाई का कार्य प्रारंभ करने, बावड़ी में कचरा ना डले इसके उचित इंतजाम करने के साथ बावड़ी के जीर्णोद्धार के निर्देश संबंधित को दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बावड़ी के निरीक्षण के दौरान सफाई के साथ बावड़ी के दोनो प्रवेश द्वार पर गेट लगाने व रात्री 8 से प्रातः 8 बजे तक गेट बंद रखने के निर्देष दिये ताकि असामाजिक तत्व प्रवेष ना कर सके। बावड़ी में नागरिक कचरा ना डालें इस हेतु एक साईड की दीवार जो कम ऊंचाई की है उस पर 4 फीट की जाली लगाने व तीन स्थानों पर डस्टबीन लगाये जाने के निर्देष दिये। इसके अलावा उन्होने बावड़ी के जीर्णोद्धार के निर्देष संबंधित को दिये।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया कि शहर के प्राचीन जल स्त्रोतों को सहेजने में अपनी भूमिका अदा करें। बावड़ियों में कचरा डालकर उसे गंदा ना करें ये हमारी प्राचीन धरोहर है। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर अंजू सूर्यवंषी, नवोदित बैरागी, उपयंत्री मनीश तिवारी आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण वितरण करने हेतु 17 व 18 फरवरी को शिविर

[illegible] 13-2-22

रतलाम । कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण वितरण करने हेतु रतलाम एवं जावरा विकासखण्ड पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 17 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक जनपद पंचायत रतलाम में शिविर आयोजित किया जाएगा। रतलाम शिविर में जनपद पंचायत रतलाम, सैलाना, बाजना नगर निगम रतलाम एवं नगर परिषद् धामनोद, नामली सम्मिलित किए गए हैं। जनपद पंचायत रतलाम में 65, सैलाना में 10, बाजना में 10, नगर निगम में 50 व नगर परिषद् धामनोद में 5 नामली में 5 व सैलाना के 5 निःशक्तजनों को लाभ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह 18 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक जनपद पंचायत जावरा में शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें जनपद पंचायत जावरा, पिपलौदा, आलोट, नगर पालिका जावरा एवं नगर परिषद् बडावदा, पिपलौदा, ताल तथा आलोट को सम्मिलित किया गया है। जनपद पंचायत जावरा में 65, पिपलौदा में 10, आलोट में 20, नगर पालिका जावरा में 50 एवं नगर परिषद् बावदा मे 5, पिपलौदा में 5, ताल में 5 तथा आलोट में 5 निःशक्तजनों को लाभ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण ने बताया कि अस्थि बाधित, निःशक्तजनों के लिए मोट्रेट ट्राईसाइकल, ट्राय साइकल, व्हील चेयर, बैसाखी, केलिपर्स, कृत्रिम हाथ-पैर, श्रवणबाधित निःशक्तजनों के लिए श्रवण यंत्र, मंदबुद्धि बच्चों के लिए एमएसआईडी कीट, दृष्टिबाधितों के लिए ब्लाईड स्टीक व अन्य सहायक उपकरण, सेलेब्रल पालिसी बच्चों के लिए सी.पी. चेयर आदि सहायक उपकरण वितरण किए जाने हेतु हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में निःशक्त व्यक्ति, निःशक्तता प्रमाण पत्र, फोटो, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., मोबाइल नम्बर आवश्यक रूप से साथ में लाएं। न्यूनतम निःशक्तजनों के जनपद/निकाय के अनुसार दिए गए टारगेट अनुसार निःशक्तजनों को निःशक्तता परीक्षण शिविरों में निःशक्तता प्रमाण पत्र के साथ निःशक्तजनों को आवश्यक दस्तावेजों सहित (अपना पासपोर्ट साइज फोटो, एड्रेस प्रूफ हेतु राशन कार्ड या मतदाता परिचय पत्र अथवा आधार कार्ड, समग्र आई.डी क्रमांक एवं मोबाइल नम्बर) एवं शिविर में सम्मिलित होने वाले सभी निःशक्तजनों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगे होने का प्रमाण पत्र साथ लाने, कोविड के नियमों यथा मास्क, सेनेटाइजर, दो गज की दूरी आदि की जवाबदारी संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय के संबंधित अधिकारी को सौंपी गई है। शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार अपने क्षेत्रों में डोंडी पिटवाकर या अन्य प्रचार माध्यमों से करवाया जाएगा। शिविर में स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई की व्यवस्था, वृद्धजनों अथवा निःशक्तजनों के पंजीयन, चिन्हांकितों की सूची बनाने, शिविर स्थल पर ही निःशक्तजनों के प्रमाण पत्र, फोटो, मोबाइल नम्बर, युआईडी पोर्ट पर अपलोड करने इत्यादि कार्य हेतु संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी, शिविर स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे टेंट, माइक, पाण्डाल, चिकित्सकों के बैठने हेतु उपयुक्त व्यवस्था, पंजीयन हेतु आवश्यकतानुसार काउंटर, लंच पैकेट आदि व्यवस्थाओं की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सौंपी गई है।

## नवीन स्पॉट फाईन टीम का गठन

रतलाम। घरों, दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन में डालते हुए खुले डालने वाले नागरिकों पर जुर्माना किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नवीन स्पॉट फाईन टीम का गठन करते हुए कुलदीप भट्ट, अंकित पुरोहित, विजय मेहना, मनीष झांझोट व राजकुमार माली को नियुक्त किया।

नव भारत 13-2-22